प्रादेशिक समाचार
दिनांक–26.03.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड से सटे बिहार, छतीसगढ़, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल की सीमा पर बनाए गए एक सौ आठ अंतरराजीय चेकपोस्ट।
- उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में लगी आग की घटना की होगी मजिस्ट्रेट जांच, राज्य सरकार प्रत्येक पीड़ित को देगी एक–एक लाख रुपये की वित्तीय सहायता।
- राज्य के गढ़वा पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा और गुमला जिले में कहीं–कहीं ओलावृष्टि होने की आज संभावना, सरायकेला–खरसावां में वज्रपात से एक व्यक्ति की मौत।
- आज आईपीएल के क्रिकेट मुकाबले में चेन्नई के एम. ए. चिदम्बरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटन्स के बीच होगा मुकाबला।

*****************

लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड से सटे बिहार, बंगाल, छतीसगढ़ और उड़ीसा सीमा पर एक सौ आठ अंतरराजीय चेकपोस्ट बनाए गए हैं। इन चेकपोस्ट पर शराब, मादक पदार्थ और पैसे आदि की संघन जांच की जाएगी। बिहार की सीमा से सटे जिलों में चौंतीस, बंगाल सीमा पर पैंतालीस, छतीसगढ़ सीमा पर दस, उड़ीसा सीमा पर सोलह और उत्तरप्रदेश सीमा पर दो चेकपोस्ट बनाए गए हैं।

*****************

जमशेदपुर, पुलिस लोकसभा चुनाव और होली के त्योहार को लेकर अलर्ट हो गई है। जमशेदपुर पुलिस की तरफ से एक कंट्रोल रूम बनाया गया है। इस पर शहर में अफवाह फैलाने वालों या भड़काऊ संदेश, तस्वीर या वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करने वालों की शिकायत की जा सकेगी। पुलिस ने एक व्हाट्सएप नंबर जारी किया है। लोग इस व्हाट्सएप नंबर 7091091825 पर शिकायत कर सकते हैं या फिर 06572912047 पर फोन कर सूचना दे सकते हैं। इसके अलावा 100 डायल, 112 या नजदीक के थाने पर फोन कर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज करा सकते हैं। एसएसपी किशोर कौशल का कहना है कि जो कोई भी भड़काऊ संदेश, तस्वीर या वीडियो किसी सोशल मीडिया व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर (एक्स), इंस्टाग्राम या यूट्यूब आदि पर अपलोड या शेयर करेगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

*****************

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में लगी आग की घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सभी घायलों को उचित देखभाल उपलब्ध कराएगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि राज्य सरकार प्रत्येक पीड़ित को एक लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा, होली के दौरान भगवान महाकाल को रंग चढ़ाने की परंपरा है, लेकिन वहां जो हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और राष्ट्रपति से फोन पर बात हुई है। प्रधानमंत्री ने उनसे मामले की जांच करने और यह सुनिश्चित करने को कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। मुख्यमंत्री ने बताया कि सभी घायलों का स्वास्थ्य स्थिर है।

*****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकाल मंदिर में आग लगने की घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सभी घायल श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। गृहमंत्री अमित शाह ने महाकाल मंदिर में आग लगने की घटना के बारे में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से जानकारी ली।

*****************

टाटानगर रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाया जाएगा।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*****************

राज्य के गढ़वा पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा और गुमला जिले में कहीं–कहीं ओलावृष्टि होने की आज संभावना व्यक्त की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार ओलावृष्टि से खरीब फसलों को नुकसान हो सकता है। सरायकेला–खरसावां जिले में कल वज्रपात की चपेट में आने से टीटीडीह पंचायत के खरबनी गावं में 60 वर्षीय एक वृद्ध की मौत हो गयी । वहीं इस घटना में एक और व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

*****************

चतरा जिला पुलिस ने उग्रवादी हमले में शहीद जवानों की याद में इस बार होली नहीं मनायी। इस वर्ष 7 फरवरी को सदर पुलिस, वशिष्ठ नगर पुलिस और वन विभाग की टीम पोस्ता (अफीम) नष्ट करने गम्हारतरी गयी थी। अफीम की खेती को नष्ट कर वापस लौट रही पुलिस टीम पर घात लगाये टीएसपीसी उग्रवादियों ने सदर थाना क्षेत्र के बैरियो के पास हमला किया था जिसमें दो जवान शहीद हो गये थे। वहीं तीन जवान घायल हो गये थे। जिले के पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय ने बताया कि शहीद जवान सुकन राम और सिकंदर सिंह की शहादत को देखते हुए कल जिला पुलिस ने होली नहीं मनाने का निर्णय लिया है।

*****************

संक्षिप्त खबरें

- देशभर में धूमधाम के साथ कल होली का त्यौहार मनाया गया। जमशेदपुर में वृंदावन की तर्ज पर जुगसलाई राम टेकरी मंदिर से फूलों की होली का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता अपने परिवार संग शामिल हुए।
- गोड्डा जिले में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है होली का पर्व। कल भी रंगों की होली खेली गई और आज भी पहले चैत के अवसर पर होली खेली जा रही है। गोड्डा नगर में आज मुख्य होली मनाई जा रही है। जिलेभर में सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त हैं.148 स्थान पर पुलिस बल क़ी तैनाती है। शांतिपूर्ण भाईचारा के माहौल में होली का पर्व मनाया जा रहा है।
- बोकारो जिला के तेनुघाट थाना क्षेत्र के पूर्णाडीह टोला में सड़क के किनारे बने एक अधूरे घर से पुलिस ने एक महिला का अध जला शव बरामद किया है। महिला की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष बताई गई है। बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा कि प्रथम दृष्टि हत्या प्रतीत हो रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

*****************

देवघर जिले के रिखिया थाना में अवैध महुआ शराब बरामदगी के मामले में दो अलग–अलग उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिसमें दो लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस निरीक्षक अनित कुमार के बयान पर मामला दर्ज किया गया है। जिसमें कहा गया है कि पुलिस टीम द्वारा गुप्त सूचना पर थाना इलाके के मुस्फा गावं में अवैध महुआ शराब को लेकर छापेमारी की गयी। मुस्फा गांव निवासी जितेन्द्र महथा के घर से 15 लीटर अवैध महुआ शराब और 30 किलो ग्राम जावा महुआ नष्ट कर दिया गया।

*****************

आज आईपीएल के क्रिकेट मुकाबले में चेन्नई के एम. ए. चिदम्बरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटन्स का मुकाबला होगा। यह मैच शाम 7 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

इससे पहले कल रात बंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गये आईपीएल के क्रिकेट मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरू ने पंजाब किंग्स को चार विकेट से हरा दिया। रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरू ने 19 ओवर और 2 गेंदों में 6 विकेट पर 178 रन बनाकर जीत का 177 रनों का लक्ष्य हासिल कर लिया।

<u>*****************</u>

<u>अखबार के वेबसाइट पर सुर्खियां</u>

राज्य के अधिकांश अखबारों ने अपनी वेबसाइट पर दुमका, चतरा और धनबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशियों की घोषणा की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

प्रभात खबर लिखता है – चतरा, धनबाद और दुमका से सिटिंग सांसदों की टिकट कटी।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– झारखंड भाजपा में पांच सिटिंग सांसदों का कटी टिकट, नए चेहरे पर पार्टी ने जताया भरोसा।

दैनिक जागरण ने लिखा है – चुनावी मैदान में स्टार प्रचारकों ने बदले खेमें।

और दैनिक हिन्दुस्तान की सुर्खी है–फिर बदलेगा मौसम का मिजाज, आज कई जगहों पर बारिश के आसार।

<u>*******************</u>